भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 31
उत्तर देने की तारीख – 01/12/2025

असम में सरकारी स्कूल को बंद किया जाना

†31. **मोहम्मद रकीबुल हुसैन:**
क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि पिछले पाँच वर्षों के दौरान असम राज्य में बड़ी संख्या में सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय बंद कर दिए गए हैं;
(ख) यदि हाँ, तो बंद किए गए ऐसे विद्यालयों की कुल संख्या का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ग) इन विद्यालयों को बंद करने के लिए सरकार द्वारा बताए गए कारणों का ब्यौरा क्या है और क्या इन्हें बंद किए जाने के सामाजिक और शैक्षिक प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए कोई आकलन किया गया था, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार के पास बंद विद्यालयों को, विशेष रूप से असम के पिछड़े जिलों में, फिर से खोलने या बंद किए गए विद्यालयों के स्थान पर नए विद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ) स्कूल शिक्षा विभाग, असम ने सूचित किया है कि असम राज्य में आदिनांक किसी भी सरकारी/प्रांतीयकृत प्राथमिक, मध्य, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बंद नहीं किया गया है। तथापि, विद्यालयों को शिक्षा खेत्रा योजना के तहत विलयित/आमेलित किया गया है जहां अस्थायी नामांकन है अथवा एक ही परिसर में स्थित विद्यालय है अथवा आरटीई 2009 के अनुसार मानदंडों और दिशानिर्देशों का पालन करते हुए एकल प्रशासनिक और शैक्षणिक इकाई में उपलब्ध संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करना है। शिक्षकों के इष्टतम उपयोग और पढ़ाई छोड़ने की दर को कम करने के प्रयास के रूप में विद्यालयों को दूरी

संबंधी मानदंडों के तहत युक्तिसंगत बनाया गया है। विलयित/आमेलित होने के पश्चात किसी भी विद्यार्थी को शिक्षा प्राप्त करने से वंचित नहीं रखा गया है और यह भी सुनिश्चित किया गया है कि विलयित/आमेलित होने के पश्चात किसी भी विद्यार्थी को अपनी स्कूल शिक्षा को जारी रखने में कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े क्योंकि सभी विद्यालय आरटीई मानदंडों के अनुसार संबंधित क्षेत्र में उपलब्ध हैं।

विगत पाँच वर्षों के दौरान विलयित/आमेलित किए गए प्रारंभिक विद्यालयों की जिलावार संख्या अनुलग्नक-I में है। विगत पांच वर्षों के दौरान, विभिन्न मैदानी जिलों में 206 माध्यमिक विद्यालयों को निकटतम उच्च/उच्चतर माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के साथ विलयित/आमेलित किया गया है, जिसका ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

अनुलग्नक -I

'असम में सरकारी स्कूल को बंद किया जाना' के संबंध में माननीय संसद सदस्य मोहम्मद रकीबुल हुसैन द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 31 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित।

प्राथमिक शिक्षा विभाग, असम के तहत विगत पाँच वर्षों के दौरान विलयित/आमेलित प्राथमिक विद्यालयों की जिलावार संख्या		
क्र.सं.	**जिला का नाम**	**विद्यालयों की संख्या**
1	बारपेटा	159
2	बोंगलगांव	93
3	कछार	142
4	चारलदेव	2
5	दरांग	107
6	धेमाजी	89
7	धुबरी	106
8	डिब्रूगढ़	88
9	गोलपारा	167
10	गोलाघाट	61
11	हल्लाकांडी	131
12	जोरहाट	211
13	कामरूप(एम)	37
14	कामरूप®	152
15	करीमगंज	76
16	लखीमपुर	162
17	मजुल	40
18	मोरीगांव	231
19	नागांव	106
20	नलबाड़ी	186
21	शिवसागर	156
22	सोनितपुर	188
23	दक्षिण सलमारा	1
24	तिनसुकिया	83
कुल		**2774**

अनुलग्नक -II

'असम में सरकारी स्कूल को बंद किया जाना' के संबंध में माननीय संसद सदस्य मोहम्मद रकीबुल हुसैन द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 31 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

विगत पांच वर्षों के दौरान आमेलित/विलयित माध्यमिक विद्यालयों की जिलावार कुल संख्या		
क्र. सं	जिले का नाम	विद्यालयों की संख्या
1	बारपेटा	23
2	कछार	1
3	दरांग	20
4	धेमाजी	7
5	धुबरी	8
6	डिब्रूगढ़	6
7	गोलपारा	1
8	हैलाकांडी	6
9	कामरूप मेट्रो	4
10	कामरूप	20
11	श्रीभूमि	5
12	लखीमपुर	33
13	मोरीगांव	4
14	नागांव	1
15	नलबाड़ी	20
16	शिवसागर	14
17	सोनितपुर	7
18	चराईदेव	1
19	जोरहाट	14
20	माजुली	10
21	तिनसुकिया	1
कुल		**206**

******